
13 धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से समाज में ...


14 खेल स्टेडियम में लगाई हाईमास्ट लाइट 8 माह...



## नवरात्रि विशेष



### अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

# जिले के वरिष्ठजनों के घर-घर जाकर मतदान करने किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

लोक सभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत लोगो में मतदान के प्रति जागरूक करने एवं शत - प्रतिशत मतदान करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार स्वीप के नोडल तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में लगातार स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज वृद्धजन मतदाताओं के घरों पर महिला समूहों के सदस्यों एवं ऑगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने डोर -टू डोर विजिट कर मतदान के प्रति जानगरूता लाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर जिले के सभी ग्रामों में 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान के तिथि से अवगत कराकर मतदान दिवस के दिन मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। आज जिले के ग्राम गायडबरी, सेन्दमुड़ा, रानीपरतेवा, मोंगरा, कोसमी, रूवाड़, फुलझर, पटपरपाली, मजरकट्टा, हरदी, चिखली, पिपरहट्टा, देवगांव, बोडर्राबांधा, परसदाखुर्द, खुड़ियाडीह, बोईरगांव सहित अन्य गांवो में मतदाता जागरूकता रैली, घर-घर जाकर मतदान की तिथी से अवगत कराया गया। साथ ही मतदान के लिए दिवारों पर स्टिकर्स का चस्पा किया गया। इसके अलावा विभिन्न गांवों में कलश यात्रा निकाली गई। मतदाता जाकरूकता के लिए मतदाता शपथ, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही मतदान जागरूता के तहत 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वृद्धजनों के घर - घर जाकर पीले चावल का तिलक, नारियल भेंट कर 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित किया ▸▸|शेष पेज 13 पर

### पीला चावल एवं नारियल भेंटकर वरिष्ठ मतदाताओं का किया गया सम्मान






#### मतदान प्रतिशत बढ़ाने लोगों को कर रहे जागरूक

ऐसे मतदान केंद्र जहां विगत चुनावों के दौरान मतदान का प्रतिशत कम रहा। विशेषकर उन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि किये जाने हेतु रैली के साथ घर-घर जाकर स्व सहायता समूह की महिला, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों द्वारा मतदान के प्रति जागरूक किया गया है।

### हादसा : पलायन कर हैदराबाद गए अपने मित्र की बेटी को लेने गया था युवक

# चलती बस से गिरा युवक हुआ घायल इलाज के दौरान अस्पताल में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

तेज रफ्तार यात्री बस में सवार एक ग्रामीण की नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मार्ग में बस से गिरने से ईलाज के दौरान मौत हो जाने की जानकारी मिली है, ज्ञात हो कि ग्राम गुरजीभाठा तेतलखुंटी निवासी लीलाधर मांझी उम्र लगभग 40 वर्ष अपने मित्र जो पलायन कर आंध्रप्रदेश हैदराबाद ईट भंठ्ठा में काम करने के लिए चला गया है, उसके नन्ही बेटी की तबियत खराब होने पर उसे लेने के लिए उनके परिजन के एक सदस्य के साथ हैदराबाद से छोटी बच्ची को लेकर अपने गांव गुरजीभाठा लौट रहा था। रायपुर से देवभोग चलने वाले यात्री बस रायल में रायपुर से सवार होकर उक्त ग्रामीण लीलाधर मांझी गुरजीभाठा के लिए जा रहा था कि मैनपुर से डेढ किलोमीटर दूर पैरी नदी पुल के किनारे गिर जाने से ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया और घटना स्थल पर भारी भीड लग गई, लेकिन यात्री बस ग्रामीण के गिरने के बाद नहीं रूकने और आगे मैनपुर देवभोग के तरफ सीधे रवाना हो जाने से उपस्थित ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिली। घटना स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों ने तत्काल संजीवनी एक्सप्रेस 108 को फोन कर घायल युवक लीलाधर मांझी को मैनपुर अस्पताल पहुंचाया जहां ईलाज के दौरान लीलाधर मांझी की मौत हो गई। लीलाधर मांझी के साथ लौट रहे नाबालिग बालक ने बताया कि हम लोग बस के सामने सीट में बैठे थे और लीलाधर पीछे सीट में बैठा था पिछले दो दिनों से वह सोया भी नहीं था, नाबालिग बालक ने बताया कि बस से गिरने से लीलाधर की मौत हो गई और बसवालों ने उन्हे उनके साथ होने के कारण वहीं उतारकर देवभोग के तरफ चले गये। मैनपुर आसपास के लोगों ने उनका मदद् किया और अस्पताल पहुंचाया जहां ईलाज के दौरान लीलाधर की मौत हो गई।



#### बस से नाबालिग बच्चों को उतारा

घटना स्थल पर भारी भीड लग गई और ग्रामीणों को जब पता चला कि यात्री बस में सवार ग्रामीण के गिर जाने के बाद बस वाले ने उनके साथ नाबालिग बच्चों को भी वहीं पर उतारकर चले गये तो भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने कहा कि बस वाले की जिम्मेदारी बनती है कि ग्रामीण के कुदने से या गिरने से जैसे भी स्थिति में मौत हुई है लेकिन उसे अस्पताल तक पहुंचाना बस वाला को चाहिए था।

#### मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी

मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने बताया कि ग्रामीण लीलाधर मांझी तेतलखुंटी निवासी आंध्रप्रदेश से लौट रहा था और उसकी मानसिक स्थिति ठीक भी नहीं थी ऐसा जानकारी मिली है, और चलती गाड़ी से उन्होने छलांग लगा दी ऐसा जानकारी मिला है। पुलिस द्वारा उनके परिजनों को सूचना दी गई है, आगे मामले की जांच कर कार्रवाई किया जायेगा।

## गांजे का परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार




**छुरा।** क्षेत्र में हो रहे अवैध गांजा, शराब व अन्य नशीले पदार्थों के अवैध तस्करी को रोकने के लिए जिले के पुलिस कप्तान के नशीली पदार्थों व अवैध गांजा तस्करों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में आरोपी जगत राम मिरधा उम्र 37 वर्ष निवासी गिधनीपानी उड़िसा व मुकेश निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी हरदी गरियाबंद अवैध रूप से गांजा परिवहन करने पर आरोपी के खिलाफ थाना छुरा में धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है। जिसमें दो आरोपी के कब्जे से कुल 6 किलो 80 ग्राम कुल कीमत 60,800 रूपया का अवैध गांजा एवं एक भूरा रंग का मोसा स्कूटी हीरो कमांक ओडी 26 जी 4634 बरामद किया गया। आरोपी का कृत्य नारकोटिक एक्ट का घटित करने पाया जाने से दोनों आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्व कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रवीण भारती के नेतृत्व में उप निरीक्षक दिलीप मेश्राम,प्यारी साहू, रिजवान कुरैशी, डिगेश्वर, अखिलेश वैष्णव, अरविंद जाटवर, अमित जागडे, आर 250 उदय शंकर पटेल व स्पेशल टीम गरियाबंद की सराहनीय भूमिका रही।

■ आरोपियों के कब्जे से 6 .80 किलो गांजा बरामद

## खबर संक्षेप

### मां काली मंदिर में अष्टमी हवन-पूजन आज



**नवापारा-राजिम।** नवापारा शहर के सुप्रसिद्ध मां काली मंदिर में अष्टमी का हवन आज मंगलवार को शाम 6 बजे होगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू एवं सचिव चतुर जगत ने बताया कि हवन में ज्योति प्रज्जवलित कराने वाले समस्त देवी मां के भक्तो के अलावा शहर के गणमान्य नागरिक माताएं-बहने बड़ी संख्या में शामिल होंगे। हवन के बाद महाआरती होगा। कल 17 अप्रेल रामनवमी के अवसर पर सुबह 9 बजे कुंवारी कन्या भोज होगा। उसके बाद ज्योति विसर्जन किया जाएगा।

### बिहावझोला में अष्टमी पर हवन-पूजन आज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** जय मां गंगई सेवा समिति बिहावझोला (मडेली) में चैत्र नवरात्र पर्व पर 146 मनोकामना ज्योति जलाया गया है। जहां 16 अप्रैल को अष्टमी पूजन हवन होगा। जिसमें जय मां गंगई सेवा समिति बिहावझोला (मड़ेली) समिति ग्राम मड़ेली, बिहावझोला, बोईरगांव, कनेसर, पक्तियां, कुरेकेरा, जुनवानी, केड़ीआमा, खड़मा, रानीपरतेवा, करकरा, ओनवा, कोरासी, ग्रामों के सहयोग से नवरात्र पर्व पर सहयोग किया गया है।

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज खड़मा में



**मुड़ागांव(कोरासी)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पांडुका के ग्राम खड़मा में 16 अप्रैल को सुबह 10 बजे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आगमन होगा। उक्त जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय ने दी।

## दुर्गा अष्टमी पर आज देवी पंडालों में होगा हवन-पूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

दुर्गा अष्टमी 16 अप्रैल को है। जिसे महा अष्टमी भी कहते हैं, चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन दुर्गा अष्टमी होती है, पंचांग के अनुसार चैत्र माह के अष्टमी तिथि को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मा महागौरी की पूजा करते हैं। आज क्षेत्र के मंदिरों व माता देवालय और घरों में अष्टमी के पर्व पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर हवन पाठ कर कन्या पूजन करेंगे। अंजनी शरण महराज ने बताया कि नवरात्रि में कन्या पूजन अष्टमी और नवमी के दिन किया जाता है। बिना कन्या पूजन के नवरात्रि के व्रत पूरे नहीं माने जाते हैं। चैत्र नवरात्रि में अष्टमी तिथि 16 अप्रैल मंगलवार यानी आज पड़ रही है वहीं नवमी तिथि 17 अप्रैल ▸▸|शेष पेज 13 पर

## डाक मतमत्रों का उपयोग 50 लोगों ने किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर देश में हर चुनाव को पर्व की तरह मनाया जाता है, यही कारण है कि निर्वाचन आयोग इस बात को सुनिश्चित करना चाहता है कि हर चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो अर्थात कोई भी वोटर छूटे ना। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत गरियाबंद जिले के अन्तर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र राजिम और बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र में मतदान दिवस के दिन ड्यूटी करने वाले शासकीय सेवकों के लिए डाकमत पत्र सुविधा केंद्र की स्थापना पुलिस रक्षित निरीक्षक केन्द्र, शासकीय महाविद्यालय वीर सुरेन्द्र साय एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज में किया गया था। डाक मतपत्र प्रभारी एवं गरियाबंद एसडीएम श्री विशाल महाराणा ने बताया कि डाक मत पत्र सुविधा केंद्र के माध्यम से 50 अधिकारी - कर्मचारियां एवं पुलिस के जवानों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।






इस सुविधा केंद्र के मध्याम से पुलिस विभाग के जवानों, अधिकारी - कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का उपयोग करने पहुंचे हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मताधिकार का उपयोग करने का अवसर दिया है। मतदान दिवस में हम अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहेंगे इसलिए निर्वाचन कार्यालय ने डाकमत पत्र सुविधा केंद्र की व्यवस्था की है। साथ ही वे अपने डाकमत पत्र की सुविधा का लाभ लेकर मताधिकार का उपयोग करने से काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। उन्होंने आम मतदाताओं को मतदान दिवस में घरों से बाहर निकल कर मतदान केन्द्रों में अपने बहुमूल्य मतदान का उपयोग करने की अपील भी की।

## बृजमोहन की नामांकन रैली में नवापारा के कार्यकर्ता हुए शामिल



**नवापारा-राजिम।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के नामांकन रैली में 1 हजार कार्यकर्ता शामिल हुए। नवापारा शहर में सुबह से ही रायपुर रवाना होने के लिए कार्यकर्ताओं के बीच काफी उत्साह और होड़ मची हुई थी। शामिल होने वालो में विधायक इंद्रकुमार साहू, संयोजक अशोक बजाज, नवापारा नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, ब्लाक सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता पारस सिंह ठाकुर,मंडल अध्यक्ष उमेश यादव,वरिष्ठ भाजयुमो नेता किशोर देवांगन, किसान नेता चंद्रिका साहू, परदेशी राम साहू, संजीव सोनी, नवल साहू, भाजयुमो अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, संजय साहू, मुकुंद मेश्राम, भूपेंद्र सोनी, रेशम हुंदल, दयालु राम गाड़ा, टीकम साहू, मनीष देवांगन, रूपेंद्र चंद्राकर, कैलाश तिवारी, शशिकला ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। मंडल अध्यक्ष उमेश यादव एवं वरिष्ठ भाजयुमो नेता किशोर देवांगन ने बताया कि सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरूण साव, डिप्टी सीएम विजय शर्मा व रायपुर लोकसभा के अलावा प्रदेश के कई जिलो से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं तथा भाजपा कार्यकर्ताओं की बेकाबू भीड़ थी।



### माता कर्मा की पूजा कर खिचड़ी का लगाया गया भोग

# माता कर्मा त्याग, तपस्या एवं भक्ति की प्रतिमूर्तिः इंद्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

परसदा में भक्त माता कर्मा की 1008 वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्वजातीय बंधुओ के द्वारा माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर खिचड़ी का भोग लगाया गया गया। तत्पश्चात भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें समाज की युवतियां एवं महिलाओं ने सर पर कलश धारण कर साहू समाज भवन से निकलकर बाजार चौक, भाटापारा, घासीदास चौक, गायत्री चौक, गौरा चौक, शीतला चौक से भ्रमण करते हुए वापस साहू समाज भवन में पहुंची।

इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि साहू समाज एक विस्तृत समाज है। हमें गर्व होना चाहिए हमारे कुलदेवी भक्त शिरोमणि भक्त माता कर्मा है। माता कर्मा का जीवन त्याग तपस्या और प्रभु की सेवा करना रहा है। इसलिए माता कर्मा त्याग, तपस्या एवं भक्ति की प्रतिमूर्ति थी। देवनाथ साहू जिलाध्यक्ष ग्रामीण साहू संघ ने कहा कि भक्त माता कर्मा ने अपने भक्ति के बल पर भगवान को अपने भक्ति की डोर में बांधकर भक्ति भाव का परिचय दिया। हम सभी माता कर्मा के त्याग, तपस्या एवं बलिदान को ग्रहण करें तथा मर्यादित जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए।




#### माता कर्मा ने अपना जीवन धार्मिक कार्य में समर्पित किया

ब्रह्मानंद साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ ने कहा कि माता कर्मा से हमें त्याग और धार्मिकता की शिक्षा मिलती है। भक्त माता कर्मा ने शोषित एवं पीड़ितों के लिए जो संघर्ष किया उससे समाज गौरान्वित है। खोरबाहरा राम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज ने कहा की माता कर्मा भगवान जगन्नाथ की अनन्य भक्त थी। जिन्होंने अपने हाथों से भगवान श्रीकृष्ण को खिचड़ी खिलाया। भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन माता कर्मा ने अपना पूरा जीवन सामाजिक और धार्मिक कार्य में समर्पित किया। परदेशी राम साहू ने कहा कि जीवन में संस्कार का बहुत महत्व है। हमें अपने माता- पिता एवं बड़े बुजुर्गों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत सभी अतिथियों को गमछा (स्कार्फ) व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। वहीं रात्रि में मां की प्रेरणा सुआ नृत्य आरंग की प्रस्तुति देखकर गांव वालों ने खूब पसंद किया। इस मौके पर सरपंच महेश्वरी तिलक राम साहू, जिला साहू संघ उपाध्यक्ष भेखराम साहू, मनीष साहू, चन्द्रहास साहू, रामकुमार हिरवानी, गंगू साहू, राजेश साहू, हेमंत साहू, नरेन्द्र साहू, गोपाल साहू, पूरन साहू, पारसमणी साहू, बालमकुन्द साहू,जगदीश साहू, द्वारिका साहू, भारत साहू, भुनेश्वर साहू सहित समस्त स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

# प्रदेश में 10 से 20 लाख तक की एसयूवी कारों का क्रेज टॉप गियर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपने प्रदेश में भी अब 10 से 20 लाख तक की एसयूवी कारों का क्रेज टॉप गियर में पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ के ऑटोमोबाइल बाजार में 50 फीसदी कब्जा एसयूवी कारों का हो गया है। इसी के साथ 5 से 8 लाख तक के बजट वाली कारों का बाजार अब सिमटकर 50 फीसदी से कम पर आ गया है। पहले कम बजट वाली कारों का बाजार ज्यादा था।

- बाजार पर 50 फीसदी कब्जा एसयूवी कारों का

एसयूवी के साथ कम बजट वाली कारों में सबसे ज्यादा डिमांड मारुति सुजुकी के मॉडल्स की है। बीते साल इस कंपनी के 25 हजार से ज्यादा चारपहिया वाहन बिके थे। दूसरी कोई भी कंपनी इतने ज्यादा वाहन नहीं बेच सकी है। वैसे मारुति के बाद सबसे ज्यादा टाटा, हुंडई, महिंद्रा, टोयोटा और किया के मॉडल पसंद किए जा रहे हैं। आज का जमाना एसयूवी कारों का है। इन कारों में सबसे ज्यादा अच्छे फीचर होने के कारण खासकर युवा वर्ग में एसयूवी मॉडल पसंद किए जा रहे हैं।

जहां अमीर वर्ग 50 लाख से लेकर एक से डेढ़ करोड़ तक के मॉडल्स पसंद करते हैं, वहीं मध्यम वर्ग की पसंद एसयूवी के 10 से 20 लाख वाले मॉडल्स हैं। वैसे एसयूवी कारों की शुरुआती कीमत 7 से 8 लाख से प्रारंभ हो जाती है, लेकिन कम कीमत वाले वाहनों में कुछ फीचर्स कम होते हैं।

### टाटा-हुंडई के मॉडल्स का भी क्रेज

मारुति के बाद टाटा और हुंडई के मॉडल्स बहुत पसंद किए जा रहे हैं। टाटा की एसयूवी में सबसे ज्यादा क्रेज 8 से 10 लाख कीमत वाली नेक्सन कार का है। इसी के साथ दूसरे मॉडल्स भी हैं, जिनकी कीमत 6 से 27 लाख तक है। टाटा की सफारी की कीमत 17 से 28 लाख तक है। इस कंपनी के बीते साल करीब आठ हजार वाहन बिके थे। हुंडई की क्रेटा का बड़ा क्रेज है। इसकी कीमत 11 से 20 लाख है। इसी के साथ एक्सटर की कीमत 10 से 11 लाख, वेन्यू की कीमत 8 से 14 और अल्काजार की कीमत 17 से 21 लाख है। इस कंपनी के भी बीते साल करीब आठ हजार वाहन बिके हैं। नए साल में इस कंपनी के वाहन बिक रहे हैं। जनवरी से मार्च की पहली तिमाही में करीब दो हजार वाहन बिक गए हैं।



*महिंद्रा की थार पहली पसंद : एसयूवी वाहनों में महिंद्रा एंड महिंद्रा की थार जीप का सबसे ज्यादा क्रेज है। इसकी एक समय सबसे ज्यादा सालभर की वेटिंग थी, लेकिन अब इसकी वेटिंग तीन माह पर आ गई है। इसी के साथ इस कंपनी की एक्सयूवी 700 जो 14 से 27 लाख ही है, बोलेरो और स्कॉर्पियो का भी बड़ा क्रेज है। इस कंपनी के बीते साल अब तक सात हजार से ज्यादा वाहन बिके हैं।*

### किया की कारें भी बिक रहीं हर माह दो सौ

एसयूवी मॉडल्स में किया कंपनी की कारों का भी क्रेज बढ़ते जा रहा है। इस कंपनी की हर माह छत्तीसगढ़ में दो सौ से ज्यादा कारें बिक रही हैं। बीते साल कंपनी की करीब तीन हजार कारें बिकी थीं। इस कंपनी के मॉडल्स में 11 से 21 लाख वाली सेल्टोस और 8 से 15 लाख वाली सोनेटे एसयूवी कारें हैं।

### सबसे ज्यादा मारुति के मॉडल बिक रहे

अपने प्रदेश में सबसे ज्यादा कारोबार मारुति सुजुकी का हो रहा है। ऑटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक बीते साल मारुति के अलग-अलग मॉडलों को मिलाकर 25 हजार से ज्यादा चारपहिया वाहन बिके हैं। इस कंपनी के हर माह दो हजार से ज्यादा वाहन बिक रहे हैं। मारुति में एसयूवी के मॉडलों की बात करें तो मारुति ब्रेजा 9 से 14 लाख, फ्रांक्स 8 से 13 लाख, ग्रैंड विटारा 11 से 20 लाख और जिम्नी जीप 13 से 15 लाख की है। इसी के साथ कम कीमत वाले मॉडल्स में ऑल्टो 800, वैगनआर जैसे मॉडल हैं। नए साल की पहली तिमाही में इस कंपनी के पांच हजार से ज्यादा वाहन बिक गए हैं।

## खबर संक्षेप



### श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर हुई बैठक

**रायपुर।** रेसिडेंट वेलफेयर सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। उपस्थित सोसाइटी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम 17 अप्रैल को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के लिए रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें शाम 5 बजे वटेश्वर महादेव मंदिर स्थल पर समस्त कॉलोनीवासी एकत्रित होंगे। वहां से श्रीराम की शोभायात्रा प्रारंभ होकर कॉलोनी भ्रमण करेगी। भ्रमण के बाद गार्डन में 6 से 7 तक श्रीराम जन्म प्रसंग का कथावचन होगा। इसके बाद 7 से 8 बजे तक भगवान की आरती के बाद प्रसाद गो-दुग्ध से निर्मित खीर का वितरण कर समापन किया जाएगा। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में समस्त कॉलोनीवासी, बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



**रायपुर।** कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की अगवाई में लोकसभा चुनाव को लेकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए ग्राम टेकारी में जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। गांव की गलियों में मतदान जागरूकता के स्लोगन के साथ सभी स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों से लोकसभा चुनाव में अपना मत देने की अपील की तथा मताधिकार के बारे में बताया गया। हाथ में स्लोगन लिखी तख्तियां व मतदान संबंधी नारे लगाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी मनोज वर्मा, देववती पुरी, ओमकार पाठक एवं सभी स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### सट्टा संचालित करते चार सटोरिए गिरफ्तार



**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम ने मुखबिर की सूचना पर चार अलग-अलग स्थानों में छापे की कार्रवाई करते हुए चार सटोरियों को गिरफ्तार किया है। सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने 58 हजार रुपए नकदी के साथ सट्टा लेन-देन के दस्तावेज जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार सट्टा संचालित करने के आरोप में संजय कुमार गोंड, राजेंद्र बंजारे, अमित घृतलहरे, चंद्रकुमार दासवानी को गिरफ्तार किया गया है।

### पूर्व पत्नी ने सौतन से की मारपीट

रायपुर। सिविल लाइंस थाने में एक व्यक्ति ने अपनी पूर्व पत्नी के खिलाफ अपने वर्तमान पत्नी के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक मोवा निवासी रवि चौहान ने ममता चौहान के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रवि ने उसकी पूर्व पत्नी ने वर्तमान पत्नी के साथ विवाद करते हुए मारपीट की।

## पानी सप्लाई पर नजर रखने अब तक नहीं बना कमांड सेंटर

# होली मनाने गए मजदूर नवरात्रि तक नहीं लौटे, 15 वार्डों में सुस्त पड़ी 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली मनाने घर गए मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा और बैतूल के मजदूर अब तक काम पर नहीं लौटे हैं। इससे शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे पानी पहुंचाने काम पिछड़ गया है। गोलबाजार, जोरापारा और मोमिनपारा के 50 फीसदी हिस्से में पाइपलाइन नहीं बिछ पाई है। वहीं 18 हजार घरों में वाटर मीटर लगाने का काम अटका पड़ा है, शुरुआत में मात्र 2 हजार घरों में ही पानी की खपत मापने स्वचालित वाटर मीटर लगा पाए। स्मार्ट सिटी के एबीडी एरिया में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू हुई 130 करोड़ की अहम योजना का लाभ 3 साल बाद भी शहरवासियों को नहीं मिल पाया है।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के एबीडी एरिया में शामिल 15 वार्डों के 1.50 लाख से अधिक आबादी 24 घंटे पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने कोल्हापुर की लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग कंपनी को 130 करोड़ में ठेका दिया गया। अनुबंधित एजेंसी को शहर की मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानते हुए चिन्हांकित 15 वार्डों में 170 किमी. नई पाइपलाइन बिछानी थी, जिसमें संबंधित एजेंसी ने अब तक 159 किमी. दायरे की पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा किया है। अभी भी 13 किमी. क्षेत्र में नई पाइपलाइन बिछाने का काम बाकी है।

**गोलबाजार, जोरापारा, मोमिनपारा के आधे हिस्से में पाइपलाइन बिछाने का काम बाकी**



### इन इलाकों में पाइप-लाइन का काम अधूरा

गोलबाजार, जोरापारा, मोमिनपारा ऐसे इलाके हैं, जहां 24 घंटे पानी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम अधूरा ही हो पाया है। इन इलाकों में नई पाइपलाइन बिछाने का 50 फीसदी काम अभी बाकी है। जबकि गोलबाजार व्यावसायिक क्षेत्र होने के साथ ही शहर का सबसे भीड़भाड़ वाला इलाका है, जहां रात्रि के समय सड़क खोदकर पाइपलाइन डालनी पड़ती है। मैनपॉवर की कमी के चलते यह काम अटका पड़ा है।

### इन वार्डों में सुबह से रात तक मिलेगा भरपूर पानी

अफसरों के मुताबिक पाइपलाइन बिछाने और इंटर कनेक्शन कार्य जून तक पूरा हो जाएगा। इससे आने वाले दिनों में वीर सावरकर वार्ड, पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड, पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड, तात्यापारा वार्ड, ब्राह्मणपारा वार्ड, स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड, मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड, सिविल लाइंस, बाबू जगजीवन राम वार्ड, डॉ. बिपिन बिहारी सूर वार्ड और महामाया मंदिर वार्ड में सुबह से लेकर रात तक भरपूर पानी मिलने लगेगा।



### 80 फीसदी काम, बाकी जून तक करेंगे पूरा

13 किमी. क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने का काम बाकी है। नई पाइपलाइन की टेस्टिंग के दौरान पुरानी बस्ती इलाके में लीकेज के चलते नई फिटिंग अरेंज करने में समय लगा। वर्तमान में 120 से 130 वाटर मीटर प्रतिदिन लगाए जा रहे हैं। मैनपॉवर बढ़ते ही रोजाना 250 वाटर मीटर लगा पाएंगे। 80 फीसदी काम पूरा हो गया है, बाकी 20 फीसदी काम जून तक पूरा कर लेंगे।

**- अमित मिश्रा,** प्रोजेक्ट प्रभारी, 24 वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट, आरएससीएल

### टेस्टिंग का काम धीमा कमांड सेंटर भी नहीं बना

नई पाइपलाइन की टेस्टिंग का काम अब तक रफ्तार नहीं पकड़ पाया है। सूत्रों के मुताबिक शहर के पुरानी बस्ती, ब्राह्मणपारा इलाके में पिछले दिनों पाइपलाइन टेस्टिंग के दौरान लीकेज के कारण दूसरी फिटिंग की व्यवस्था कराने प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को महीनेभर इंतजार करना पड़ा। वर्तमान में रमन मंदिर वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड में पाइपलाइन टेस्टिंग का काम चल रहा है। जबकि शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड, तात्यापारा वार्ड में अब तक पाइपलाइन टेस्टिंग शुरू नहीं हो पाई है। टेस्टिंग के बाद 24 घंटे पानी सप्लाई पर नजर रखने भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट में कमांड सेंटर बनना है, जिसका काम अब तक शुरू नहीं हुआ। इस सेंटर से पानी के फ्लो के साथ क्वालिटी की निगरानी भी होनी है।

# खत्म नहीं हुआ रिएजेंट्स का इंतजार, आंबेडकर अस्पताल में कई जांच अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विभिन्न तरह की बायोकेमेस्ट्री और पैथालॉजी जांच पुनः रिएजेंट्स के इंतजार में अटक गई है। आंबेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों की आरएफटी-एलएफटी सहित कई जांच पूरी नहीं हो पा रही है। रक्त संबंधी पूर्ण जांच वाली सीबीसी भी मैनुअली करनी पड़ रही है। रिएजेंट्स की नियमित सप्लाई नहीं होने की वजह से सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में आने वाले मरीजों का मर्ज पकड़ने होने वाली विभिन्न तरह की जांच पूरी नहीं हो पा रही है। इसके लिए सैंपल या तो जिला अस्पताल के हमर लैब भेजा जा रहा है अथवा मरीज निजी लैब में जाकर पैसे खर्च कर रहा है। सूत्रों के अनुसार काफी डिमांड के बाद भेजे जाने वाले रिएजेंट्स कुछ दिन ही राहत दे पाते हैं। पिछले कुछ समय से यह समस्या पुनः आन खड़ी हुई है और मरीजों की जांच प्रभावित होने लगी है। सूत्रों के अनुसार किसी भी तरह की बीमारी का पता लगाने के लिए एलएफटी-आरएफटी टेस्ट कराया जाता है, जिसकी सुविधा फिलहाल आंबेडकर अस्पताल में नहीं है। इसके लिए सैंपल हमर लैब भेजा जा रहा है। इसी तरह रक्त संबंधित परेशानियों का पता लगाने किया जाने वाला सीबीसी टेस्ट भी मैनुअली तरीके से पूरी किया जा रहा है। आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम के मुताबिक कुछ जांच नहीं हो पा रही है, मगर इसका अधिक असर उपचार व्यवस्था पर नहीं पड़ रहा है। सैंपलों को जांच के लिए हमर लैब के माध्यम से पूरा कराया जा रहा है। संबंधित विभाग से जुड़े चिकित्सकों का कहना है कि रिएजेंट्स की डिमांड सीजीएमएससी को कालेज प्रबंधन और चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के माध्यम से जाती है। उनकी ओर से की जाने वाली सप्लाई पर्याप्त मात्रा में नहीं होती, जिसकी वजह से जांच व्यवस्था प्रभावित हो जाती है।

- आरएफटी-एलएफटी नहीं, सीबीसी टेस्ट मैनुअली

# अनोखा प्रदर्शन, महंगाई पर दिखाया पीएम मोदी-बीजेपी का जादुई पिटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महंगाई को लेकर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने अनोखा प्रदर्शन किया। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने पुरानी बस्ती में आम जनता को मोदी-बीजेपी का जादुई पिटारा दिखाया और पुरानी बस्ती के शीतला मंदिर मार्केट के पास कांग्रेस ने प्रदर्शन किया, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक जादुई पिटारा आम जनता के सामने रखा था, इसमें से एक-एक करके महंगे हो चुके खाद्य पदार्थ निकल रहे थे।

पिटारे से 1100 का सिलेंडर, 190 रुपए का खाने का तेल, 45 रुपए किलो शक्कर, 60 रुपए किलो चावल, 50 रुपए किलो आटा निकालकर आम जनता को दिखाया गया। बैनर-पोस्टर के माध्यम से कांग्रेस की यूपीए सरकार के समय इन सभी के दामों और भाजपा सरकार के समय बढ़े हुए इन दामों के अंतर को प्रदर्शित किया गया। मोदी-भाजपा के पिटारे को देखने आए लोगों ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा। इस प्रदर्शन में उषा रंजन श्रीवास्तव, ममता राय, गंगा यादव, आशा चौहान, सचिन शर्मा, सत्यनारायण नायक, नागेंद्र वोरा, मनोज सोनकर, रवि शर्मा, रामधनी सोनी, लक्ष्मी नायडू, सायरा बानो, पद्मिनी ढीमर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### विकास ने किया जनसंपर्क

रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने रविवार को रायपुर ग्रामीण विधानसभा का दौरा किया। अछोली, बिरगांव, उरकुरा, रावांभाठा पहुंचकर सभाएं लीं। श्री उपाध्याय ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही महिलाओं के खाते में 8333 रुपए दिए जाएंगे, युवाओं के लिए 30 लाख नौकरियों की भर्ती निकाली जाएगी। साथ ही श्रमिकों की मजदूरी में वृद्धि की जाएगी। इस दौरान पंकज शर्मा, महापौर नंदलाल देवांगन, ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा, योगेंद्र सोलंकी, कृपाराम निषाद, जीत सिंह, कमलेश मिश्रा, बसंत साहू, प्रीतराम साहू, लखन साहू, दीनू निषाद, धन्नू बंदे, बाबूलाल कुर्रे, ईश्वर बंजारे, टिकेंद्र सिन्हा, जिया फारुकी, रानी गोस्वामी, शांति वर्मा, इकराम अहमद, रियाज, फिरोज, बसंत सेन, रुक्मिणी सिन्हा, रितेश सिन्हा, अविनाश निहाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### सिंधी क्विज के विजेताओं को भेंट की चांदी की तस्वीर

**रायपुर।** चेट्रीचंड्र पर्व के उपलक्ष्य में डिजिटल इंफ्लुएन्सर, सिंधी ब्लॉगर प्रशांत राज गावरी ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर सिंधी क्विज का आयोजन किया। सिंधी समाज से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं नई पीढ़ी को समाज की परंपरा, संस्कृति से रूबरू कराने की इस स्पर्धा में देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रविवार को क्विज के विजेताओं की घोषणा करते हुए आयोजक श्री गावरी ने पुरस्कार स्वरूप भगवान झूलेलाल की चांदी की तस्वीर भेंट की। विजेताओं में रायपुर के मोक्ष माखीजा, यशिका पिंजानी, साक्षी माखीजा, बंटी लालवानी, हेमा सुंदरानी, महक तन्ना, निकिता पामवानी, पल्लवी धामेजा, दिशा केलवानी, दीपक गुड़वानी को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समरोह में मुखी अप्पू वाडिया, अमर चंदनानी, रमेश वालेचा, सुरेश तहल्याणी, प्रतीक गावरी, रवि समेत समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# किडनी के इलाज का बड़ा सेटअप डीकेएस में, ट्रांसप्लांट की योजना अभी भी अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एकमात्र डीकेएस सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में किडनी की बीमारी के इलाज के लिए बड़ा सेटअप है, मगर यहां प्रत्यारोपण की सुविधा अब तक शुरू नहीं हो सकी है। छह करोड़ की उपकरण खरीदी का प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित है। इस बीमारी से पीड़ित ज्यादातर मरीज निजी अस्पतालों के भरोसे हैं, जहां इलाज के लिए उन्हें बड़ी रकम खर्च करनी पड़ रही है।

डीकेएस में जब सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल की शुरुआत की गई, तो यहां किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू करने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए प्रयास भी शुरू किया गया था और अंग प्रत्यारोपण एक्ट का मसौदा तैयार किया गया था। राज्य के विभिन्न निजी अस्पताल में यह इसकी सुविधा शुरू हो गई, मगर डीके अस्पताल पिछड़ता चला गया। चिकित्सकों के अनुसार डीके अस्पताल में किडनी संबंधित बीमारियों के इलाज का बड़ा सेटअप है। यहां मरीजों की डायलिसिस के लिए सबसे अधिक मशीन है चिकित्सक और अन्य स्टाफ भी यहां पर्याप्त संख्या में हैं, इसके बाद भी प्रत्यारोपण की सुविधा के मामले में यह अस्पताल सबसे पीछे है। जरूरतों के हिसाब से यहां उपकरण जुटाने के लिए शासन को प्रस्ताव काफी बार भेजा जा चुका है, मगर इस पर अब तक किसी तरह की स्वीकृति नहीं दी गई है।




- छह करोड़ के उपकरण खरीदी का प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित
- ज्यादातर मरीज निजी अस्पतालों के भरोसे, बड़ी राशि हो रही खर्च

### रेफर करना मजबूरी

डीके अस्पताल में किडनी की बीमारी से पीड़ित मरीजों के लिए डायलिसिस के लिए पचास मशीनों की व्यवस्था है। इलाज के दौरान अगर किसी व्यक्ति का अंतिम विकल्प किडनी ट्रांसप्लांट होता है, तो उसे एम्स अथवा निजी अस्पताल जाने की सलाह देनी पड़ती है। निजी अस्पताल में इस ट्रांसप्लांट के लिए मरीजों को स्वास्थ्य सहायता योजना के अतिरिक्त भी पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

### सुविधा नहीं पर लाभ यहीं से

अगर कोई व्यक्ति सरकारी अस्पताल में जाकर अंग प्रत्यारोपण कराता है, तो उसे दस हजार रुपए तक की दवा निशुल्क देने का प्रावधान है। दुर्भाग्य यह है कि राज्य के पास इस प्रत्यारोपण की सुविधा वाला एक भी शासकीय अस्पताल मौजूद नहीं है। एम्स में अंग प्रत्यारोपण किया जाता है, मगर इसका संचालन राज्य के बजाए केंद्रीय स्तर पर किया जाता है।

### लिवर ट्रांसप्लांट की तैयारी

अंग प्रत्यारोपण की सुविधा के बाद राज्य में सबसे अधिक कैडेवर डोनेशन कराने वाला एम्स आने वाले दिनों में लिवर ट्रांसप्लांट की शुरुआत करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए जरूरी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। अब तक यहां नेत्र के साथ किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा मौजूद है, जिसका फायदा बड़ी संख्या में मरीजों को मिल रहा है।

# जवाहर बाजार के तीसरे माले पर 3 हॉल से नगर निगम को मिलेगा 4 करोड़ 3 लाख का राजस्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मालवीय रोड स्थित जवाहर बाजार के तीसरे माले पर बनाये गये 3 हॉल से नगर निगम को 4 करोड़ 3 लाख का राजस्व मिलेगा। आनलाइन टेंडर में 13 हॉल में से 3 हॉल को रिस्पांस मिला है। इनमें से हॉल नंबर 1 के लिए 1 करोड़ 35 लाख, हॉल नंबर 3 के लिये 1 करोड़ 33 लाख और 8 नंबर के हॉल के लिए 1 करोड़ 35 लाख रुपये रेट आया, जबकि इसका आफसेट रेट 1 लाख 31 हजार रुपये रखा गया था। 30 साल की लीज पर दिये गये हॉल पर साल में 2 फीसदी किराया भी देय होगा।

नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित नवनिर्मित जवाहरबाजार व्यावसायिक परिसर में 4 साल से खाली पड़े 13 हॉल में से 3 हॉल को 8 बार टेंडर के बाद लीज पर लेने लोगों ने रुचि दिखाई है। सूत्रों के मुताबिक जवाहर बाजार में व्यवस्थापन के तहत 69 दुकानें जवाहर बाजार के व्यापारियों को आवंटित की गई हैं। इसके साथ ही शोरूम व अन्य व्यावसायिक प्रयोजन को ध्यान में रखकर 13 बड़े आकार के हॉल तीसरे माले में बनाये गये हैं। रेट ज्यादा होने के कारण पिछले 4 साल से दर्जनभर से ज्यादा हॉल उठ नहीं पाए। नगर निगम के बाजार विभाग द्वारा इसके लिये 8 बार ऑनलाइन टेंडर भी किया गया, पर बड़े आकार के हॉल को लीज पर लेने एक भी बड़ी कंपनी या व्यावसायिक प्रतिष्ठान ने दिलचस्पी नहीं ली। 9वीं बार हुये टेंडर में 3 हॉल को स्थानीय व्यापारियों ने 30 साल की लीज पर लिया है। इसके लिये उन्हें 2 फीसदी सालाना किराया भी देना होगा।

- 30 साल की लीज, साल में 2 फीसदी किराया देय
- 10 हॉल के लिये 9वीं बार आनलाइन टेंडर



### 10 हॉल खाली, चुनाव के बाद टेंडर

सूत्रों के मुताबिक जवाहर बाजार में 4 साल से खाली पड़े 10 हॉल को 30 साल की लीज पर देने लोकसभा चुनाव के बाद ऑन लाइन टेंडर होगा। शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित जवाहर बाजार में दुकानों की डिमांड हॉल की अपेक्षा ज्यादा है। वहां के व्यापारियों ने निगम प्रशासन से दुकानों की डिमांड भी की है।

# 4 साल में रेलवे के 300 से ज्यादा मामलों में डॉग स्क्वॉड दौड़े, सिर्फ 25 फीसदी केस में दे पाए सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेन और प्लेटफार्म की सुरक्षा में तैनात आरपीएफ के 4 डॉग स्क्वॉड ब्राउन शुगर, गांजा, अफीम आदि नशीले पदार्थों का सुराग देने के मामले में काफी पीछे चल रहे हैं। 4 सालों में 300 से अधिक मामलों में आरपीएफ और जीआरपी डॉग स्क्वॉड को लेकर पहुंची, लेकिन केवल 25 फीसदी केस में ही सफलता मिली। आरपीएफ से मिली जानकारी के मुताबिक 4 डॉग स्क्वॉड हैं, जिनमें 3 डॉग का उपयोग क्राइम व चोरी की घटनाओं में किया जाता है। ट्रेनों और प्लेटफार्म पर जांच में नशीले पदार्थों का पता लगाने में भी डॉग स्क्वॉड से आरपीएफ को ज्यादा मदद नहीं मिली है। 4 डॉग स्क्वॉड के पीछे हर माह 50 हजार से ज्यादा खर्च किए जाते हैं। हर साल एक डॉग के पीछे तीन लाख से अधिक खर्च किया जा रहा है। अत्याधुनिक संसाधनों के जुटाने के बाद डॉग स्क्वॉड की भूमिका पूरी तरह से हल्की पड़ गई है। आलम अब यह है कि डॉग स्क्वॉड के जरिए अपराधियों का सुराग मिल पाना मुश्किल हो गया है। ट्रेन में यात्रियों के सामान चोरी के मामले में आरपीएफ और जीआरपी डॉग स्क्वॉड की मदद लेती है।

- डॉग स्क्वॉड पर हर साल 3 लाख से अधिक खर्च, प्लेटफार्म और ट्रेन सर्चिंग में करते हैं शामिल




### 60-70 केस में मिली मदद

वर्ष 2020 से 2023 तक आरपीएफ और जीआरपी ने 300 से अधिक केस में डॉग स्क्वॉड की मदद ली, जिसमें महज 60 से 70 केस को चोर का सुराग मिल सका। डॉग स्क्वॉड टीम के अनुसार घटना स्थल पर टीम के पहुंचने से पहले काफी लोग पहुंच जाते हैं। अगर चोरी के बाद डॉग स्क्वॉड टीम पहुंचती है, तो सुराग मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इसीलिए अब क्राइस सीन देखकर डॉग स्क्वॉड की मदद ले रही है।

**हर दिन ट्रेनों और प्लेटफार्म पर जांच :** आरपीएफ के पास तीन डॉग ऐसे हैं, जिनकी सूंघने की क्षमता अन्य डॉग से ज्यादा है। हर दिन प्लेटफार्म और ट्रेन में डॉग स्क्वॉड सर्चिंग करता है, लेकिन इसके बाद भी ट्रेनों से नशीले पदार्थों के ले जाने का सुराग आरपीएफ को नहीं मिल रहा है। डॉग स्क्वॉड के पीछे लाखों खर्च के बाद भी रेलवे पुलिस को इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

**खबर संक्षेप**

## परिवहन के सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**गरियाबंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में होने वाले नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के पहुंच विहिन मतदान केंद्रों में मतदान दलों के परिवहन के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने जिला मुख्यालय से मतदान दल को ले जाने हेलीपेड पर हेलीकॉप्टर के माध्यम से मतदान दल के परिवहन के सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए गरियाबबंद के प्रभारी तहसीलदार डोनेश्वर साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## शाह को चिमनानी ने भेंट की मोदी मैजिक किताब



**रायपुर।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने अपनी किताब बदहाल से बेमिसाल भारत की कहानी, आंकड़ों की जुबानी मोदी मैजिक उन्हें भेंट की। श्री शाह को उन्होंने बताया कि किस तरह से उनकी किताब में भाजपा के दस साल और कांग्रेस गठबंधन वाली यूपीए सरकार के समय के आंकड़ों को तुलनात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है।

## मां का सिर फोड़ा

**रायपुर।** गंज थाने में एक महिला ने अपने बेटे के खिलाफ कूकर से हमला कर सिर फोड़ने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बतलुन बेगम ने जुम्मन के खिलाफ सिर फोड़ने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि घरेलू विवाद के चलते उसके बेटे ने कूकर से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया।

## बदला मौसम खांसी-बुखार लेकर आया, दवा लेने अस्पताल तक पहुंचने लगे मरीज



**रायपुर।** तेज गर्मी के बाद अचानक आए बादल बारिश की वजह से लोगों की तबीयत खराब हो गई। कुछ समय तक बदहजमी की शिकायत के बाद खांसी और बुखार जैसी शिकायत लेकर भी मरीज पहुंच रहे हैं। बड़े अस्पतालों के साथ स्वास्थ्य केंद्रों में भी ऐसे मरीजों की भीड़ है। राजधानी का तापमान चालीस डिग्री के ऊपर होने की वजह से लोग धीरे-धीरे गर्मी के आदी हो रहे थे, इसी बीच मौसम ने पलटा मारा और बादल के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया। गर्मी के बीच मानसून जैसा मौसम आने से लोगों के स्वास्थ्य पर इसका असर हुआ और लोग बीमार पड़ने लगे। चिकित्सकों के मुताबिक गर्मी बढ़ने के दौरान लोग डिहाईड्रेशन और पेट खराब होने जैसी शिकायत लेकर आ रहे थे। अचानक उन मरीजों की संख्या भी बढ़ गई, जिन्हें खांसी के साथ बुखार और सर्दी की समस्या थी। पिछले तीन-चार दिनों से इस तरह की परेशानी लेकर लोग बड़े अस्पताल के साथ विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों और निजी क्लीनिक तक जा रहे हैं। भाठागांव हमर अस्पताल की प्रभारी डॉ. वर्षा के अनुसार ओपीडी में आने वाले 30 से चालीस प्रतिशत लोग अभी सर्दी-खांसी अथवा बुखार जैसी समस्या लेकर आ रहे हैं। हालांकि तीन दिन की दवा के प्रभाव से उनकी समस्या का समाधान हो रहा है। अब मौसम सामान्य होने लगा है, जिसके बाद इससे स्वास्थ्य पर विपरीत असर का प्रभाव भी कम हो जाएगा।

**निधन**

## लखन लाल ध्रुव

**मैनपुर।** नगर के पटेलपारा के




वरिष्ठ नागरिक लखन लाल ध्रुव 75 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। जिनका गांव में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे ग्राम पंचायत मैनपुर में 2 बार पंच पद पर आसीन थे।

# मतदाताओं को जागरूक करने छात्रों ने चलाया सेल्फी अभियान

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी जिला गरियाबंद व फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय सेल्फी अभियान महाविद्यालय में चलाया गया। जिसमें 300 छात्रों ने भाग लेकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। सेल्फी अभियान में महाविद्यालय की लगभग 300 छात्र-छात्रओं ने अपने मतदाता परिचय पत्र व आधार कार्ड के साथ सेल्फी लिया और लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। यह अभियान छात्र-छात्रओं को निकट लोकसभा आम चुनाव मे प्रतिशत मतदान हेतु स्वयं प्रेरित होने वह अपने परिवेश में समाज के लोगों को मतदान कर बहुमूल्य योगदान के लिए किया गया। महाविद्यालय के





स्वीप प्रभारी प्रो. तीरथ राम कपूर ने सेल्फी अभियान के विषय मे जानकारी देते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मतदान मे युवाओं की भूमिका प्रखर करने हेतु इस अभियान की घोषणा की गयी।यह राष्ट्र ऊर्जावान युवाओं का देश है, युवाओं के लिए कोई भी कार्य करना असंभव नही है।

मतदान जैसे सबसे प्रमुख क्षेत्र मे युवाओं कि सक्रियता देश को नवनिर्माण की ओर प्रेरित करेगी। उन्होंने महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों से मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। यह कार्यक्रम स्वीप प्रभारी प्रो. तीरथ राम कपूर के निर्देशन मे तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व दलप्रमुख एवं स्वीप एमबेसडर चितेश्वर साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

### आदिवासी परंपरा देवजात्र में शामिल होने विधायक, पूर्व विधायक सहित हजारों लोग पहुंचे

# धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से समाज में एकता व भाईचारा मजबूत होती है : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आदिवासी समाज का अपना एक गौरवशाली इतिहास है और अपनी अलग परम्पराओं के और मान्यतों के लिए जाना जाता है, तहसील मुख्यालय मैनपुर से 14 किलोमीटर दूर ग्राम चिंदाभाठा में 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक देवजात्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस तीन दिवसीय जात्र कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देवभोग ओडिसा से लेकर पूरे गरियाबंद जिले के घटौदिया नेताम परिवार के हजारों लोग पहुंचे हुए है। जहां विधिवत अपने ईष्टदेव छत्रपति बुढ़ादेव की पूजा अर्चना कर जात्र कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह जात्र कार्यक्रम लगभग 22 वर्षो बाद किया जा रहा है और इस जात्र कार्यक्रम में आदिवासी समाज के नेताम परिवार द्वारा अपने पूर्वजों को याद करने और श्रद्धाजंली अर्पित करने जात्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जात्र कार्यक्रम में आज प्रमुख रूप से अमात गोंड समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ओंकार शाह, बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, जिला पंचायत

- देवजात्र में ईष्टदेव व बुढ़ादेव की पूजा कर खुशहाली की कामना की







सभापति लोकेश्वरी नेताम, वरिष्ठ आदिवासी नेता हेमसिंह नेगी, गुजरात कमलेश, खेदू नेगी, जन्मजय नेताम, अमृतलाल नागेश, प्रेमसाय जगत, टीकम कपील, नकछेडा राम ध्रुर्वा, महेन्द्र नेताम सहित क्षेत्र के वरिष्ठ आदिवासी समाज के लोग पहुंचे। इस दौरान अतिथियों ने ईष्टदेव छत्रपति बुढ़ादेव की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

### युवा सामाजिक कार्यक्रमों में अपना योगदान दें

आयोजित जात्र कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ओंकार शाह ने कहा कि आदिवासी समाज अपनी परम्परा और संस्कृति के लिए पूरे देश विदेश में जाना जाता है।

आज आदिवासी समाज के लोग यहां अपने पुर्वजों, पुरखों को याद करने और उनके आशीर्वाद लेने के लिए जात्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम समाज में एकता भाईचारा और मजबूत होती है, और समाज के लोग एक जगह बैठक अपने समाज के विकास और उत्थान के बारे में चर्चा करते है। बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने भी जात्र कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदिवासी समाज के लोगो को अपने संस्कृति और परम्परानुसार सामाजिक कार्यक्रमों को करने के साथ आज के युवाओं को सामाजिक कार्यक्रमों में अपना योगदान देने की बात कही। इस मौके पर प्रमुख रूप से पुजारी केशर सिंह, सहदेव नेताम, सदाराम, तुलसीराम नेताम, भागसिंह, भगवान सिंह, हीरासिंह, उदेराम, रेवाराम, चरणसिंह, नोहर सिंह, रामचन्द्र, रामेश्वर नेताम, सुकेदव नेताम सहित नेताम परिवार के हजारों लोग शामिल हुए।

# मुरमुरा सरपंच यशोदा ध्रुव भाजपा में शामिल



**राजिम।** राजिम के लोकप्रिय भाजपा विधायक रोहित साहू के कार्यशैली से प्रभावित होकर मुरमुरा ग्राम पंचायत के सरपंच यशोदा ध्रुव भाजपा में शामिल हो गई। इस अवसर पर उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,सीएम विष्णुदेव साय एवं राजिम विधायक रोहित साहू से प्रभावित होकर वे भाजपा में शामिल हो रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू,मंडल अध्यक्ष संदीप पांडे,भाजयुमो नेता जवाहर शर्मा, दीपक ध्रुव, हिरामन साहू, लता साहू, तारणी ध्रुव, प्रकाश सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर अमितेश ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में भरा जोश



**फिंगेश्वर।** प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा लोकसभा चुनाव संवाद एवं संपर्क समिति के महासमुंद प्रभारी अमितेश शुक्ल ने नवरात्रि पर्व के पंचमी के दिन राजिम में महामाया मंदिर एवं फिंगेश्वर में मौली माता दर्शन कर क्षेत्र की जनता की सुख समृद्धि की कामना किया है। राजिम एवं फिंगेश्वर दोनों स्थानों पर माता का आशीर्वाद लेकर अमितेश शुक्ल ने लोकसभा चुनाव के संबंध में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक लेकर जोश भरा और कहा कि कांग्रेस के न्याय के संकल्प को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारी न्याय योजनाओं को लेकर जनता बेहद उत्साहित है। निश्चित ही यह लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक परिणाम लेकर आएगा। मोदी की गारंटी का पता नहीं है पर इस बार नारी न्याय की गारंटी, श्रमिक की गारंटी, युवाओं की गारंटी किसानों की गारंटी चुनाव मे कांग्रेस को जीत दिलायेंगी।

# आंबेडकर जयंती समारोह में 80 ग्रामीण भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम कठिया में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू व रायपुर लोकसभा चुनाव संयोजक अशोक बजाज के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम कठिया सहित आस-पास गांव के 80 लोगो ने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ली।



अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते कहा कि संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर एक गरीब तबके से थे, उनका जीवन काफी संघर्षमय रहा उन्होंने उस समय संघर्ष किया जब ऊंच-नीच, छुआ-छूत का भेद था लेकिन उन्होंने सामाजिक समरसता का भाव लेकर कानून बनाया और उनका बनाया हुआ कानून भारत देश में चल रहा है जिसे दुनिया की कोई ताकत नहीं बदल सकती। इस दौरान मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, चंद्रकला ध्रुव, रानी पटेल, शांतनु सिन्हा, वरुण राठी, शिवेंद्र तिवारी, सरपंच मुकेश ढीढ़ी, बसंत कोसले, किरण गिलहरे, महेंद्र भारती, जनपद पूजा बघेल, चंपा लेदेकर, भारती शिंदे, किशन सिन्हा, रोशन सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# चोरी का वाहन गिरवी रखने पहुंचा, सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 13 दोपहिया वाहन जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया वाहन चोर शराब पीने पैसों की कमी पड़ने पर चोरी के वाहन को एक व्यक्ति के पास गिरवी रखने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर अलग-अलग जगहों से चोरी के दोपहिया वाहन जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में डीडीनगर निवासी दिनेश



देवदास को दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दिनेश के खिलाफ रायपुर के अलावा महासमुंद, बलौदाबाजार में दोपहिया वाहन चोरी करने के एक दर्जन से ज्यादा अपराध दर्ज हैं।

# एयरपोर्ट पर पुरानी खुली नहीं और अब नई दुकान भी बंद, यात्रियों को पानी तक नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के यात्री टर्मिनल भवन के भीतर खाने-पीने के सामान के लिए परेशान होने लगे हैं। यहां की पुरानी दुकानें पूरी तरह खुल नहीं पाई हैं और एक नई दुकान पर ताला लग गया है। टर्मिनल के भीतर अब एकमात्र पैक्ड फूड की दुकान चल रही है, जहां पानी की बोतल मिलने की सुविधा नहीं है।

महामारी के दौरान यह दुकानें बंद हुईं, जिसके बाद इन्हें खोलने के लिए प्रबंधन का हर प्रयास नाकाम होता गया। काफी कोशिशों के बाद वहां चेक इन एरिया और एसएचए में एक पैक्ड फूड जोन खोला गया था। दोनों दुकानों की मदद से यात्रियों को फ्लाइट का इंतजार करने के दौरान खाने-पीने का सामान मिल जाता था। सूत्रों के मुताबिक पिछले तीन-चार दिनों से चेक इन एरिया के फूड जोन में ताला लग गया है, जिसकी वजह से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पैक्ड फूड जोन में खाने के पैकेट मिल रहे हैं, मगर पानी बोतल की व्यवस्था नहीं है। यात्रियों को वहां उपलब्ध आरओ वॉटर के जरिए अपना काम चलाना पड़ रहा है।

**टर्मिनल के भीतर एकमात्र पैक्ड फूड जोन, बोतलबंद पानी उपलब्ध नहीं**



### महामारी के पहले 12 दुकानें

रायपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन के भीतर कोरोना महामारी के पहले खान-पान की सुविधा के लिए 12 फूड जोन का संचालन किया जाता था। इसके अलावा वहां 9 आउटलेट्स भी थे, जहां वक्त होने पर यात्री शापिंग भी कर सकते थे। आपदा के दौरान इन दुकानों को नुकसान का हवाला देकर बंद कर दिया गया। महामारी समाप्त होने के बाद इन्हें पुनः खोलने के लिए नियम बदलकर भी प्रयास किया गया, मगर सभी एक साथ नहीं खुल पाईं। इसके बाद अलग-अलग रूप में इसे शुरू करने की कोशिश की जा रही है।

### नहीं सुलझा विवाद

टर्मिनल के भीतर एयरपोर्ट प्रबंधन और वहां दुकान संचालित करने वाली एक एजेंसी का विवाद अब तक नहीं सुलझ पाया है। प्रबंधन द्वारा व्यावसायिक गतिविधि के लिए एजेंसी को तीन सौ फीट की जो जगह अलॉट की गई थी, उसमें लगभग 20 फीट के स्थान पर ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सेक्योरिटी की आपत्ति आई थी। विवाद का हल नहीं होने की वजह से आवंटन होने के बाद भी यह फूड जोन शुरू नहीं हो पाया है।

### कर रहे प्रयास

यात्रियों को टर्मिनल भवन के भीतर खाने-पीने के सामान की दिक्कत ना हो, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। दुकान बंद होने की जानकारी नहीं मिली है।

- **एसडी शर्मा,** निदेशक रायपुर एयरपोर्ट

**बीकॉम प्रथम वर्ष की परीक्षाओं में थोक में गड़बड़ियां**

# कारोबार किया किसी और ने, दिवालिया हो गया प्रेम ! संपत्ति का हिसाब भी नहीं कर सका रविवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि छात्रों से ऐसे सवाल पूछ रहा है, जिसे देखकर छात्रों के दिमाग चकरा रहे हैं। गणितीय सवालों में इस तरह की पेचीदगियां हैं कि छात्र चाहकर भी प्रश्नों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। ताजा मामला बीकॉम प्रथम वर्ष का है। 8 अप्रैल को हुई परीक्षा के सवाल सोशल साइट्स पर वायरल हो रहे हैं। पूछे गए एक सवाल में साझेदार एस, एम और पी थे, जबकि प्रश्न के दूसरे हिस्से में रविवि ने प्रेम को दिवालिया घोषित कर दिया। छात्र परीक्षा केंद्र में ये ही नहीं समझ पाए कि जब प्रेम ने व्यापार किया ही नहीं और वह किसी तरह से साझेदार नहीं था, तो वह दिवालिया कैसे हो गया? इसी प्रश्नपत्र के एक दूसरे सवाल में दायित्व का योग 5,05,500 तथा संपत्ति का योग 4,65,500 हो रहा है। इस तकनीकी त्रुटि के कारण छात्र इस सवाल का भी सही उत्तर नहीं दे सके।

**इस वर्ष कई विषयों के प्रश्नपत्रों में हो चुकी है गलती, फिर भी एक्शन नहीं**

### तनाव में छात्र

जिन प्रश्नों में त्रुटि है, उनमें कई सवाल दीर्घ उत्तरीय श्रेणी के अंतर्गत आते हैं। अर्थात इन सवालों के लिए सर्वाधिक अंक निर्धारित रहते हैं। औसत छात्र कुछ अंकों के कारण उत्तीर्ण अथवा अनुत्तीर्ण हो जाते हैं। कुछ छात्रसंगठनों द्वारा भी इन गलतियों को लेकर रविवि प्रबंधन में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन विवि प्रशासन परीक्षाओं के अंतिम चरण में होने के बाद भी प्रश्न विलोपन अथवा बोनस अंक को लेकर फैसला नहीं ले सका है।



### शिकायत करें या पढ़ाई?

छात्र अब यह समझ नहीं पा रहे हैं कि वे आगामी विषयों की तैयारी करें या प्रश्नपत्रों में हुई गड़बड़ियों की शिकायत करें। मौजूदा वार्षिक परीक्षाओं में यह पहली बार नहीं है, जब रविवि द्वारा प्रश्नों में गलतियां की गई हो। इसके पूर्व बीबीए के एक प्रश्नपत्र में भी रविवि ने ब्लू प्रिंट में निर्धारित अंकों के अनुसार परीक्षा ना लेते हुए उससे कम अंकों की परीक्षा ली थी। एक-दो अन्य विषयों में कई तरह की खामियां आ चुकी हैं। इसके बाद भी रविवि वार्षिक परीक्षाओं को संजीदगी के साथ नहीं ले रहा है।

## पेज 11 के शेष

### जिले के वरिष्ठजनों के...

गया। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता रैली, मतदाता शपथ ग्रामजनों के साथ लिया गया। रैली में स्व सहायता समूह की महिला आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं ग्राम वासियों द्वारा अपने हाथों में "लोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व है, मतदान करना हम सबका फर्ज है" आपका वोट आपकी ताकत, दोनो बने देश की ताकत "सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो स्लोगन लिखी तख्तियां लगाई गइ।

### आज महा अष्टमी : देवी...

बुधवार को राम नवमी मनाया जाएगा। महाराज अंजनी शरणं ने बताया कि देवी महागौरी की हवन पूजन पाठ के बाद घर पर अपनी क्षमता के अनुसार 1 से लेकर 9 की संख्या में कन्याओं को आमंत्रित करें उनकी उम्र 2 से 10 तक वर्ष के बीच हो, कन्याओं के साथ एक छोटे बालक को भी भोजन पर आमंत्रित करें। सभी कन्याओं के पांव धोए, अक्षत, फूल, चंदन या रोली से उनकी पूजा करें फिर उनको पुड़ी, हलवा,खीर, काले चने, मिठाई आदि खाने के लिए परोसें भोजन करने के पश्चात उनके पैर छूकर आशीर्वाद लें, उनको उपहार और दक्षिण देकर विदा करें। 17 अप्रैल को नवमी के दिन रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहे हैं, बुधवार को ज्योत जवारा विसर्जन किया जाएगा। अष्टमी पर्व की तैयारी में सभी उपासक और श्रद्धालुओं जुटे हुए हैं।

**खबर संक्षेप**

## मां महामाया मंदिर में हवन आज




**राजिम।** शहर के प्राचीन मां महामाया मंदिर में अष्टमी का हवन शाम 4 बजे होगा। हवन में बड़ी संख्या में देवी मां के भक्त एवं ज्योति कलश प्रज्जवलित कराने वाले श्रद्धालुओं सहित मंदिर समिति के सारे पदाधिकारी, सदस्य एवं शहरवासी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## गिधनी पाठ मंदिर में 105 जोत प्रज्ज्वलित

**मुडाग़ांव(कोरासी)।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व में गिधनी, खैरझिटी, रवेली, जरगांव के बीच में विराजित माता गिधनी पाठ मंदिर में 105 मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित की गई है। रोज सुबह-शाम भजन कीर्तन आरती और तीन दिवसीय मानस यज्ञ में क्षेत्र के ग्रामीण जन बड़ी संख्या में जुट रहे हैं।

## भाजपा ने ना पहले कोई वादा पूरा किया ना ही अब करेगीः मरकाम



**छुईहा बेलर।** कांग्रेस ने भाजपा के संकल्प पत्र पर हमला बोला है। आदिवासी कांग्रेस नेता डोंगर मरकाम कुण्डेल व पूर्व जोन अध्यक्ष दूर्गा प्रसाद सिन्हा चरौदा ने कहा कि भाजपा हमेशा से झूठे वादे करती है और कभी उन्हें पूरा नहीं करती है। आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले 10 वर्षों में क्या किया है क्या मिला है जनता समझ चुकी है। भाजपा ने प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरियों और किसानों की आय दोगुनी करने का वादा तो अभी पूरा नहीं किया तो अब नए वादे क्या ही पूरे करेगी। क्या उन्होंने प्रत्येक बैंक खाताधारक को 15 लाख रुपये दिए, क्या भाजपा ने प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरियां पैदा कीं, क्या उन्होंने किसानों की आय दोगुनी कर दी, क्या क्या अच्छे दिन आये। लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र को झूठ की गारंटी करार दिया और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी अपने वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

## उपमुख्यमंत्री शर्मा आज बेलर में सभा को करेंगे संबोधित

**छुईहा बेलर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का



आगमन ग्राम बेलर में 16 अप्रैल को होगा। और चुनावी सभा को सम्बोधित करेगें। भाजपा मंडल महामंत्री पुरन साहू बेलर ने बताया कि महासमुंद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित करने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का 16 अप्रेल को ग्राम बेलर पहुंचेंगे। भाजपा नेता बोडकी सरपंच रामजी साहू, छुईहा सरपंच गजेश्वर सिन्हा, बेलर पुर पुर्व उपसरपंच खोमन साहू ने भाजपा के समस्त प्रकोष्ट के पदाधिकारी एवं आम जनो को अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील किया है।




**समस्या : मिनी स्टेडियम में हाई मास्ट लाइट लगाने के नाम पर फूंक दिए डेढ़ करोड़**

# खेल स्टेडियम में लगाई हाईमास्ट लाइट 8 माह में भी नहीं हुआ चालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में रात्रिकालीन खेलकूद सम्पन्न हो सके इस उददेश्य से लाखों करोडो रूपये खर्च कर हाईमास्क लाईट लगाई जा चुकी है। लेकिन 6-7 माह बाद भी अब तक बिजली की लाईट को जलाया नहीं गया है, जानकारी के अनुसार स्टेडियम में लाईट लगाने के बाद बिजली कनेक्शन के लिए बिजली विभाग को अब तक कनेक्शन लगाने के लिए आवेदन नहीं किये जाने की जानकारी मिली है, जिसके कारण लाखों करोड़ों रूपये खर्च होने के बावजूद भी इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है तो एक ओर अफसर अचार संहिता का हवाला देते हुए इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर इस मामले को लेकर बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने नराजगी जाहीर करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम में हाईमास्क लाईट लगाया गया तो तत्काल प्रारंभ करना चाहिए उन्होने कहा कि इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल से शिकायत किया जायेगा। साथ ही इस कार्य की जांच की मांग किया जायेगा।

**अलग खबर**






खेल स्टेडियम में सुविधाओं का अभाव खिलाड़ियों के अभ्यास में आ रही बाधा

वित्तीय वर्ष 2022–23 में मिले डीएमएफ फंड का ज्यादातर उपयोग सरकारी और उपयोगी संस्थानों को चकाचौंध करने में खर्च किया गया। इसी कड़ी में ही गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग के अलावा अन्य विकासखण्डों के मिनी स्टेडियम में 40-40 लाख का बजट हाई मास्क लाइट के लिए खर्च का प्रावधान किया गया। काम कराने का जिम्मा अलग-अलग संस्थानों को सौंपा गया। लेकिन वर्क आर्डर राजधानी के सत्तासीन नेता और तत्कालीन अफसरों के ईद गिर्द रहने वाले चहते ठेका कंपनी को मिला।

**डेढ़ गुना बड़ा प्राक्कलन बनाया, पर बिजली प्रबंध का जिक्र नहीं :** प्राक्कलन और हुए काम को देख कर डेढ़ गुना बड़ा स्टीमेट बनाए जाने का अंदेशा है। जिन क्रियान्वयन एजेंसी ने टेंडर जारी किया वहां 12 से 15 प्रतिशत बिलो में काम लिया गया है। काम के स्टीमेट में सबसे जरूरी था ट्रांसफार्मर, जिसकी स्वीकृति प्राक्कलन में जिक्र तक नहीं किया गया। बिजली का खर्च कैसे मेंटेन किया जाएगा इसका भी कोई जिक्र नहीं है। अफसर बदले तो काम के गुणवत्ता पर भी नजर गई, ऐसे में भुगतान का लटकना भी स्वाभाविक था। अब तक इस मद का केवल आधा पैसा ही सबंधित को जारी किया गया है। बची हुई राशि के लिए एजेंसियां आज भी कलेक्ट्रोरेट और जिला पंचायत का चक्कर लगा रहे हैं।


### लाइट को चालू करवाया जायेगा : कलेक्टर

गरियाबंद जिला के कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने हरिभूमि को चर्चा करते हुए बताया कि अभी एक कार्यक्रम में हुं। लेकिन अचार संहिता के बाद हाईमास्क लाईट को प्रारंभ करवाया जायेगा।

### ट्रांसफार्मर लगाने कोई आवेदन नहीं मिला : तिवारी

बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता अतुल तिवारी कहते है कि उन्हें अब तक किसी भी स्थान से ट्रांसफार्मर लगाने के लिए कोई आवेदन नहीं प्राप्त हुआ है।

# चांदा दाई प्राचीन गोंड़ गुफा में ज्योति कलश दर्शन करने पहुंच रहे हैं श्रद्धालु



**मुड़ागांव(कोरासी)।** बारनयापारा व सिरपुर परिक्षेत्र में स्थित गोंडवाना के ऐतिहासिक धरोहर व धार्मिक आस्था के केंद्र बिंदु जय चांदा दाई प्राचीन गोंड गुफा में आदिवासी रीति नीति, संस्कृति, परम्परा के तहत 251 मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित किया गया है। जहां पर विभिन्न क्षेत्रो से दर्शन लाभ हेतू श्रद्धालुगण पहुंचते है।

किंतु बता दें ऐसा पहली बार है कि इस वर्ष क्षेत्र में बाघ विचरण हो रहा है। जिसके कारण से वन विभाग के सहायक वन संरक्षक आंनद कुदरिया के मार्गदर्शन में उच्च अधिकारी जिसमें जिला कलेक्टर केएल चौहान, जिला पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, जिला वन मंडलाधिकारी मयंक अग्रवाल सहित समिति के सदस्यों से चर्चा करवा कर समिति के सदस्यों को चांदा दाई के स्थल में अपनें विभागीय वाहन से सुरक्षित आने-जाने कि विशेष सुविधा उपलब्ध करवाई हैं। साथ ही अपनें विभाग के कर्मचारियों को भी सहयोग के लिए लगाये हुए हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से जगह - जगह सीसी कैमरा के माध्यम से सतत निगरानी किया जा रहा है। ताकि किसी प्रकार जान माल की हानि न हो एवं समिति के सदस्य शासन प्रशासन एवं वन विभाग के दिशा निर्देश व नियमों का पालन कर रहें हैं। वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी विशवेश कुमार, वन मंडलाधिकारी मंयक अग्रवाल, आनंद कुदरिया के विशेष सहयोग से ही मनोकामना ज्योति प्रज्वलित एवं पूजा अर्चना किया जाना संभव हो पाया।

साथ ही श्रद्धालुओं के सेवा दर्शन हेतु अनुमति की अपेक्षा करतें हैं। जिससे समिति के पदाधिकारियों ने आनंद कुदरिया के साथ सभी उच्च अधिकारियों को सादर आभार व्यक्त प्रकट किया हैं।

## केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का महिलाओं को मिल रहा लाभ : सिंघल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जनपद पंचायत अध्यक्ष नेहा सिंघल इन दिनों लगातार गांव मोहल्ला में जाकर जनसंपर्क कर लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही है। अध्यक्ष नेहा सिंघल के नेतृत्व में महिला मोर्चा काफी सक्रिय दिख रही हैं। महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी को को विजय बनाने घर-घर पहुंच रहे है। जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल ने नदी उस पार 36 गांव के दौरे में निकली हुई है, सबसे पहले जनपद अध्यक्ष ने देवभोग नदी उस पार के 36 गांव के लोगों से मिलने पहुंच रही है। घर -घर जा कर सरकार की योजनाओं को बताते हुए नरेन्द्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने की अपील कर रहे है, जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल ने चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है,



और इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सीधे तौर से मिल रहा है। उन्होने कहा कि आज देश तेजी से विकास की ओर बढ़ा है। यह सब नरेन्द्र मोदी की देन है, इस बार भाजपा 400 पार सीट जीतकर नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायेंगे।

## अधिकारी व कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति पश्चात मतदान दलों के वापसी उपरांत मतदान केन्द्रवार मतदान प्रतिशत पीठासीन अधिकारी की ड्यूटी मतपत्र लेखा प्रारूप 17-सी की एक्सल में एन्ट्री करने के लिए संयुक्त कलेक्टर पंकज डाहिरे को राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। राजिम विधानसभा क्षेत्र के लिए सहयोगी अधिकारी नरसिंह ध्रुव को बनाया गया है। उनके साथ में सहायक ग्रेड - 02 श्री अभिषेक बैस, सहायक ग्रेड - 02 श्री भीखम साहू, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर भोजराज साहू, सहायक ग्रेड- 03 खेलनराम तारक की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र - 55 के लिए सहयोगी अधिकारी के रूप में शिक्षा विभाग के सहायक संचालक श्री कृपाल सिंह पैकरा को बनाया गया है। उनके साथ में सहायक ग्रेड - 02 श्री कृष्ण कुमार सिन्हा, सहायक ग्रेड -03 श्री हेमन्त तेता, श्री दुखुराम कमार, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर अमित कुमार ध्रुव की ड्यूटी कार्य समाप्ति तक लगाया गया है।

## समाज में भौतिकता एवं मोबाइल फोन के दुरूपयोग से टूर रहे हैं संबंध : ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

घाटखालहे में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज फिगेशरी सर्कल जिला गरियाबंद एवं सुवरमाल सर्कल जिला महासमुन्द के बीच रविवार को बैठक रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि पुरण ठाकुर जिलाअध्यक्ष, अध्यक्षता शिवराम ध्रुव, विष्टि अतिथि राजकुमार ध्रुव सर्कल सुवरमाल, पन्ना लाल ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज छग, गंगा राम नेताम जिला सलाहकार गरियाबंद, कुमार छएदहा संचालक, भुवन लाल ध्रुव सलाहकार, हेमलाल मरकाम सचिव, एवं समस्त आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के लगभग 100 लोग उपस्थित थे। इस दौरान पन्ना लाल



ध्रुव कहा कि समाज में भौतिकता एवं मोबाइल फोन के दुरूपयोग के कारण समाज में संबंध विच्छेद का प्रकरण बहुत ही चिंताजनक है। आज समाज में बेटीयां पढ़ाई में आगे है लेकिन बेटों की पढ़ाई में दैनिय स्तिथि है। आज समाज फिगेशरी सर्कल में जो 10वीं व 12वीं में प्रवीण सूची में है उन बच्चों को सम्मानित किया गया। 12वीं में प्रथम स्थान कुमारी सान्या ध्रुव पिता खोलबाहरा ग्राम कसेकेरा, द्वितीय स्थान गैंद राम ध्रुव पिता मुखियार राम ध्रुव ग्राम बिजेपाल, 10वीं में प्रथम स्थान कुमारी सुनंदा ध्रुव पिता जागेश्वर ध्रुव ग्राम द्वारतरा, द्वितीय स्थान कुमारी उगेशवरी ध्रुव पिता परदेशी राम ध्रुव ग्राम नागिन बाहरा इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समाज के द्वारा कामना किया गया।

## बाबा साहब ने देश को एक सूत्र में बांधा : प्रकाश

**गरियाबंद।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर के शिशु वाटिका में संघ एवं विश्व हिंदु परिषद के सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर कहा कि हम जिस मुकाम और जगह पर आज हैं वह सब बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की वजह से हैं। भारत का संविधान, प्रावधान और बाबा साहेब के विचार को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने संविधान में स्वतंत्रता, समानता और भाई-चारे के प्रावधान भारत देश के हरेक व्यक्ति के लिए किया है।

■ हिंदू परिषद व बजरंग दल ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की मनाई 133वीं जयंती



बाबा साहब का प्रभाव छत्तीसगढ़ में उनके आने से पहले से था। बाबा साहब दलित शोषित का उत्थान कैसे किया जाए इस बारे में वह निरन्तर प्रयास करते रहते थे। समाज सेवी सत्यप्रकाश मानिकपुरी ने कहा कि बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के कार्यों, संघर्ष, उपलब्धि और संविधान के बारे में सबको जानकारी है। हम उनके आदर्शों को अपनाने की बात करते हैं।

डॉ. भीमराव आंबेडकर ने कहा था मेरे बाद करोड़ों भीमराव अम्बेडकर होना चाहिए। लेकिन आज तक उनके आदर्शों और व्यक्तित्व तक नहीं पहुंच पाएं हैं। इस दौरान जिला सहसंयोजक विकास शर्मा, जगत राम कश्यप, केशर निर्मलकर, राजीव रंजन संखारे, नगर मंत्री नवीन सिंहा, नगर संयोजक भीम साहू, सर्व हिंदू समाज उपस्थित रहे।

## आईटी के उपनिदेशक नेहरू निराला होंगे प्रभारी अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति पश्चात मतदान दलों के वापसी उपरांत मतदान केन्द्रवार मतदान प्रतिशत की इन्कोर एप्लीकेशन में एन्ट्री करने के लिए आईटी के उपनिदेशक श्री नेहरू निराला को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

राजिम विधानसभा क्षेत्र - 54 के लिए जिला पंचायत के प्रोग्रामर अंकित वर्मा, सहायक प्रोगामर विक्रांत सोनी, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर श्री प्रदीप ठाकुर, सुमीत रामटेके एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र - 55 के लिए ईडीएम मिथलेश देवांगन, सहायक प्रोग्रामर नदीम अहमद, सहायक ग्रेड - 03 श्री अतुल रामटेके, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर श्री कामता प्रसाद सिन्हा की ड्यूटी लगाई गई है।

## स्कूल में डॉ. भीम राव आंबेडकर जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियाम सीबीइसई स्कूल छुरा में बाबा साहब भीम राव आंबेडकर जयंती मनाई गई। प्राचार्य बिंदु जॉर्ज जैकब ने कहा कि शाला में हमेशा यह जयंती पालन किया जाता रहा है और आगे भी किया जायेगा। उन्होंने ने कहा की हम ऐसे ही महान पुरुषों से महान दर्शनिकों से बहुत कुछ सीखते है। और हमारे जीवन के लिए बहुत ही प्रेरणा दायक होते है। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यापक एवं संयोजक मोहित घृतलाहरे ने बच्चों को बाबा साहब के बारे में बताया की भारत संविधान के जनक, चिंतक, समाज सुधारक और दलित वर्गों के लिए आवाज उठाने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। भीमराव अंबेडकर ने दलितों, निचले वर्ग, मजदूर और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद की और 'बहिष्कृत भारत', 'मूक नायक' और 'जनता' नाम के पाक्षिक और साप्ताहिक पत्र निकालने की शुरुआत की। कार्यक्रम में उपस्थित संस्था प्रमुख, निर्देशक जॉर्ज जेकब, प्रबंध निर्देशक आशीष जॉर्ज जेकब, प्राचार्य बिंदु जॉर्ज जेकब,सत्र निर्देशक सुमंत आचार्य एवं समस्त अध्यापक, अध्यापिका अन्य स्टाफ एवं सभी छात्र-छात्राएं रहे।

**जिले में मतदान 26 अप्रैल को**

# मतदाता अपने रोजमर्रा के कार्यों में व्यस्त, प्रत्याशी प्रचार में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान छत्तीसगढ़ में 19 अप्रैल में बस्तर में होना है, वहीं दूसरे चरण का मतदान में 26 अप्रैल को महासमुंद लोकसभा शामिल हैं। इसमें अब 10 दिन शेष बचा हुआ है। इस कारण उम्मीदवार मतदाताओं का जनसभा और बैठक लेकर समर्थन मांग रहे हैं। वैसे आम मतदाता इस प्रचार से दूर अपने रोजमर्रा के कार्यों में व्यस्त हैं तो प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र तीन पंचवर्षीय से यह सीट पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है, लेकिन कांग्रेस के प्रत्याशी इस बार इस सीट पर जोर लगाएं हुए हैं। ग्रामीण परिवेश वाले क्षेत्र में भाजपा व कांग्रेस इस सीट पर प्रत्याशी जी तोड मेहनत कर रहे हैं, लेकिन मतदाता



अब तक सक्रिय नहीं दिखते। शहरों इलाकों की बात करें तो कुछ इलाकों में राजनीतिक दलों के झंडे, बैनर और पोस्टर दिख रहे हैं, लेकिन ग्रामीण इलाकों में इक्का-दुक्का ही झंडा पोस्टर दिख रहा है। वैसे ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी चर्चा जरूर हो रही है। क्षेत्र के होटल,पान ठेला, चौंक चौराहों पर लोग चुनावी चर्चा हो रही है। सेवा सहकारी समिति के लिपीक सहायक से सेवानिवृत्त कचरू राम निषाद कहते हैं कि इस चुनाव से प्रधानमंत्री तय होना है, मतदान तो ग्रामीण जरूर करेंगे, लेकिन मुद्दा स्थानीय नहीं राष्ट्रीय होगा। इधर सोहनलाल मरकाम अपने खेत में रबी फसल की रखवाली करने में व्यस्त थे, उनसे जब चुनावी चर्चा की तो कहते हैं कि चुनाव से क्या होगा। हमलोगों की नियति तो यही है। खेती के लिए आज भी ऊपर वाले के भरोसे है। इस क्षेत्र में अधिकांश लोगों की जीविका खेती पर निर्भर है।

पतेभान सिंह राजपूत से जब चुनाव को लेकर सवाल किया गया तो वे कहते हैं कि चुनाव तो हर पांच साल में होता है। चुनाव से क्या बदलने वाला है। हर साल तो महंगाई बढ़ती ही जा रही है, कोई पीएम बने, सीएम बने उससे हमलोगों का क्या बदल जाएगा। हालांकि उन्होंने यह माना कि नक्सली घटनाओं में कमी आई है। इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला दिखता है। बहरहाल इस वनांचल क्षेत्र में लोग चुनाव को लेकर बहुत ज्यादा उत्साहित नहीं दिख रहे हैं, लेकिन इतना तय है कि भाजपा और कांग्रेस में मुकाबला कड़ा होगा।

